31/05/2024

आकाशवाणी ईटानगर

लोकसभा के सातवे और अंतिम चुनावों के लिए मतदान चरण समाप्ति की ओर पहुंच रहा है। **सात राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश** की सत्तावन लोकसभा सीटों के लिए 7वें और अंतिम चरण का मतदान कल होगा। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 13 सीटें, पंजाब की 13, पश्चिम बंगाल की 09, बिहार की 08, ओडिसा की 06, हिमाचल प्रदेश की 04, झारखंड की तीन और चंडीगढ की एक सीट के लिए मतदान होगा। मतदान कल सुबह सात बजे शुरू होगा।

प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री तथा भाजपा के नेता अनुराग ठाकुर और कांग्रेस के नेता विक्रमादित्य सिंह और टीएमसी के नेता अभिषेक बनर्जी सहित प्रमुख नेताओं का राजनीतिक भाग्य कल ईवीएम में बंद हो जाएगा।

0000000000000000000

मणिपुर में बाढ़ का कहर लगातार जारी है। बाढ से इम्फाल शहर बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बाढ़ के कारण अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है और एक व्यक्ति लापता है। बाढ से एक लाख अट्ठासी हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। हमारे संवाददता ने बताया है कि केंद्रीय बल और सेना राहत और बचाव कार्यों में लगे हुए हैं तथा बाढ से प्रभावित परिवार राहत शिविरों में शरण ले रहे हैं। राज्य के जल संसाधन मंत्री ने कहा कि मणिपुर में अचानक आई बाढ़ से एक लाख अट्ठासी हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इंफाल शहर के निचले इलाके और प्रमुख सड़कें पानी में डूबी हुई हैं। सरकार ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए छप्पन राहत शिविर खोले हैं और उन्हें जरूरी सामान उपलब्ध कराया गया है। इम्फाल घाटी में बहने वाली प्रमुख नदियों के तटों की मरम्मत, दरारों और अतिप्रवाह से निपटने का काम जारी है।

मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने कल रात मंत्रियों और शीर्ष अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक बुलाई और बाढ़ की स्थिति पर चर्चा की। श्री बीरेन ने इंफाल शहर में चल रहे बचाव अभियान का भी निरीक्षण किया।

0000000000000000000000

आयकर विभाग ने वर्तमान लोकसभा चुनावों के दौरान रिकॉर्ड एक हजार एक सौ करोड रूपये और **जवैलरी** जब्त किये है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार यह 2019 के आम चुनावों में जब्त तीन सौ 90 करोड रूपये की तुलना में एक सौ बयासी प्रतिशत ज्यादा है।

0000000000000000000000

राज्यपाल के टी परनायक ने कल लिकाबली स्थित सैन्य स्टेशन में छप्पन इन्फैंट्री डिवीजन के सैनिकों से बातचीत की। राज्यपाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के लोगों में सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और आदर है। उन्होंने सक्रिय कल्याणकारी उपायों और सकारात्मक मानसिकता के साथ इस भावना को बनाए रखने की सलाह दी। राज्यपाल ने सैनिकों से सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से स्थानीय लोगों की मदद करने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि वे सीमावर्ती क्षेत्रों की समग्र सुरक्षा में स्थानीय नागरिको को एकीकृत करें।

0000000000000000000000

जम्मू-कश्मीर में प्रशासन ने आज क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, कठुआ में तैनात मोटर वाहन निरीक्षक सहित छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया और उन्हें तत्काल प्रभाव से जम्मू-कश्मीर के जम्मू परिवहन आयुक्त कार्यालय को संबद्ध कर दिया गया है।

हमारे जम्मू संवाददाता ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में कल हुई बस दुर्घटना में मुख्य रूप से राजस्थान और उत्तर प्रदेश के 22 तीर्थयात्रियों की मृत्यु होने और 69 लोगों के घायल हो जाने के बाद यह कदम उठाया गया है। यात्रियों से भरी यह बस तीर्थयात्रियों को लेकर रियासी जिले के शिवखोरी जा रही थी। इस बस के जम्मू-जिले के अखनूर क्षेत्र की एक गहरी खाई में गिर जाने से यह दुर्घटना हुई।

0000000000000000000000

राज्यपाल के टी परनायक ने कल पासीघाट के निगलोक स्थित सैनिक स्कूल के वार्षिक दिवस समारोह में भाग लिया। स्कूल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में कैडेटों ने कई प्रदर्शन और गतिविधियाँ प्रस्तुत कीं। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि सैनिक स्कूल लंबे समय से उत्कृष्टता, अनुशासन और देशभक्ति का पर्याय रहे हैं। स्कूल के अपने एक दिवसीय दौरे के तहत राज्यपाल ने स्थानीय प्रशासन समिति के सदस्यों के साथ स्कूल के बुनियादी ढांचे और अन्य भौतिक प्रगति की समीक्षा की।

0000000000000000000000

केन्द्र सरकार ने सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी और मृत्यु ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा को 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया है। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने इस संबंध में एक आधिकारिक ज्ञापन जारी किया है। इसमें कहा गया है कि संशोधित सीमा 1 जनवरी 2024 से लागू होगी।

0000000000000000000000

गुरुवार को ट्रीम्स के ओब्सट्रेटिक्स एण्ड गाईनॉक्लोजिस्ट दिपार्टमेंट में एक नए लेबर रूम का उद्‌घाटन ट्रीम्स के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दुखुम रैना ने किया। नया लेबर रूम नई सुविधाओं से सुसज्जित है।

इसमें छह डिलीवरी ट्यूब, एक नवजात शिशु देखभाल केंद्र, एक लेबर वार्ड और एक postnatal वार्ड है। TRIHMS, CMAAY और PMJAY बीमा के तहत सभी सामान्य प्रसव और सिजेरियन सेक्शन के लिए निःशुल्क सेवा भी प्रदान कर रहा है।

0000000000000000000000

लेपारादा जिले की काई रूमी और लोहित जिले की जम्बालू तायांग ने कोलकाता स्थित श्रीभूमि एफ सी के लिए खेलते हुए इस सप्ताह खेले गए इंडियन वूमन लीग के दूसरे डिवीजन क्वालीफिकेशन मैचों में शानदार प्रदर्शन किया। रूमी ने 20 मई को नीता फुटबॉल अकादमी के खिलाफ अपने पहले मैच में गोल किया, जबकि तायांग ने मैच में शानदार गोलकीपिंग की। मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने रूमी और तायांग दोनों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

0000000000000000000000